रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	06/02/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 **मुकुलन द्वारा जनन (reproduce) करने वाले पादपों में, कौन-सा प्रक्रम प्रत्यक्ष रूप से एक नए जीव (individual) के निर्माण की शुरुआत करता है?**

Ans
✗ A. विभिन्न जीवों से युग्मकों का संलयन
✗ B. ऊतकों में यादृच्छिक कोशिका मृत्यु
✓ C. विशिष्ट स्थान पर स्थानीयकृत पुनरावृत्त कोशिका विभाजन
✗ D. पुष्पों से बीजों का विकास

Q.2 **लोहे को जंग लगने से बचाने के लिए सामान्यत: किस विधि का उपयोग किया जाता है?**

Ans
✗ A. चुंबकन (Magnetising)
✗ B. गलन (Melting)
✗ C. तापन (Heating)
✓ D. गैल्वनीकरण (Galvanisation)

Q.3 **दृष्टि को ठीक करने के लिए चश्मे में लेंस का उपयोग किया जाता है क्योंकि ये __________ के सिद्धांत पर कार्य करते हैं।**

Ans
✗ A. परावर्तन
✗ B. ध्रुवण
✗ C. विवर्तन
✓ D. अपवर्तन

Q.4 **न्यूटन के गति के तीसरे नियम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

Ans
✗ A. जब एक वस्तु दूसरी वस्तु पर बल लगाती है, तो दूसरी वस्तु उस पर वापस बराबर एवं विपरीत बल लगाती है।
✗ B. क्रिया और प्रतिक्रिया बल एक ही वस्तु पर कार्य करते हैं।
✓ C. ये बल एक साथ दो अलग-अलग वस्तुओं पर कार्य करते हैं।
✗ D. बल परिमाण में बराबर लेकिन दिशा में विपरीत होते हैं।

Q.5 **कोशिकीय अंगक एक जेली (jelly) में निलंबित होते हैं, जिसे _________ कहा जाता है।**

Ans
✗ A. स्ट्रोमा (Stroma)
✗ B. ल्यूमेन (Lumen)
✓ C. साइटोप्लाज्म (Cytoplasm)
✗ D. न्यूक्लियोप्लाज्म (Nucleoplasm)

Q.6 एक विद्यार्थी तालाब से एकत्रित मिट्टी और पानी के विषमांगी मिश्रण को अलग करना चाहता है। मिश्रणों के बारे में आपकी समझ के आधार पर, कौन-सी विधि सबसे प्रभावी होगी और क्यों?

Ans

✗ A. क्रोमैटोग्राफी, क्योंकि यह माध्यम में गति के आधार पर पृथक्करण करती है।

✗ B. आसवन विधि, क्योंकि यह क्वथनांक के आधार पर पृथक्करण करती है।

✓ C. मिट्टी में मौजूद ठोस कण पानी में घुलते नहीं हैं, इसलिए छानने की प्रक्रिया आवश्यक है।

✗ D. वाष्पीकरण, क्योंकि यह विलायक को हटा देता है

Q.7 एक गेंद को x m/s के वेग से ऊपर की ओर फेंकने पर वह अधिकतम 50 m की ऊंचाई तक पहुंचती है। x का मान क्या होगा? (g का मान 10 m/s^2 लीजिए)

Ans

✗ A. 100 m/s

✓ B. $10\sqrt{10}$ m/s

✗ C. 1000 m/s

✗ D. 10 m/s

Q.8 स्थायी परिस्थितियों में वर्धमान स्वीट पी (sweet pea) पादपों की बृहत् आबादी में, निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वोत्तम तरीके से यह वर्णन करता है कि लैंगिक जनन के माध्यम से आनुवंशिक विविधता अब तक उनके दीर्घकालिक अतिजीविता के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans

✓ A. स्वीट पी में प्रच्छन्न (अप्रभावी) ऐलील भावी पर्यावरणीय तनावों के विरुद्ध प्रतिरोध प्रदान कर सकते हैं।

✗ B. स्वीट पी के पादप अलैंगिक रूप से अधिक तेजी से लैंगिक रूप से जनन करते हैं, जिससे अधिक बायोमास उत्पादन सुनिश्चित होता है।

✗ C. विविधता स्वीट पी के पादपों को पर-परागण से बचने में मदद करती है, जिससे पैतृक वंशक्रम की शुद्धता बनी रहती है।

✗ D. आनुवंशिक विविधता भावी पीढ़ियों में पुष्पों के रंग और ऊंचाई में एकरूपता सुनिश्चित करती है।

Q.9 सगर्भता के दौरान अल्ट्रासोनोग्राफी का उपयोग किस लिए किया जाता है?

Ans

✓ A. जन्म दोषों का पता लगाने और शिशु की वृद्धि की निगरानी करने के लिए

✗ B. माता की हृदय गति जाँचने के लिए

✗ C. शिशु का रक्त समूह जानने के लिए

✗ D. माता का वजन मापने के लिए

Q.10 प्रतिरोधकता ρ वाले एक तार की लंबाई L और अनुप्रस्थ-काट का क्षेत्रफल A है। यदि तार का प्रतिरोध R है, तो R के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सही संबंध है?

Ans

✓ A. $R = \rho L/A$

✗ B. $R = A\rho/L$

✗ C. $R = L/\rho A$

✗ D. $R = \rho LA$

Q.11 कौन-सा गुणधर्म सबसे अच्छी तरह से यह बताता है कि ठोस पदार्थों का एक निश्चित आकार और आयतन क्यों होता है?

Ans

✗ A. इन कणों के बीच पर्याप्त रिक्त स्थान होता है।

✗ B. ये कण एक दूसरे के ऊपर से स्वतंत्र रूप से गुजर सकते हैं।

✓ C. कण एक निश्चित विन्यास में सघन रूप से पैक होते हैं।

✗ D. कण यादृच्छिक रूप से विन्यासित होते हैं।

Q.12 2 m लंबाई के एक धातु के तार का प्रतिरोध 25°C पर 10 Ω है। यदि तार का व्यास 0.4 mm है, तो उस तापमान पर धातु की प्रतिरोधकता कितनी होगी?
[दिया गया है, π = 3.14]

Ans

✗ A. 6.3 x 10-5 Ωm

✓ B. 6.3 x 10-7 Ωm

✗ C. 1.55 x 10-6 Ωm

✗ D. 3.6 x 10-6 Ωm

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा ऋजु-श्रृंखला वाला संतृप्त हाइड्रोकार्बन है?

Ans

- ✗ A. बेंजीन (Benzene)
- ✓ B. ब्यूटेन (Butane)
- ✗ C. प्रोपीन (Propene)
- ✗ D. साइक्लोहेक्सेन (Cyclohexane)

Q.14 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन **A:** इथेनॉल की थोड़ी मात्रा भी मद्यपता का कारण बनती है।
कथन **B:** शुद्ध इथेनॉल का सेवन स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है।

Ans

- ✓ A. कथन A सही है, परन्तु B गलत है।
- ✗ B. कथन A और B दोनों सही हैं।
- ✗ C. कथन A गलत है, परन्तु B सही है।
- ✗ D. कथन A और B दोनों गलत हैं।

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता पेशीय ऊतकों को जंतुओं में गति उत्पन्न करने में सक्षम बनाती है?

Ans

- ✗ A. पाचक एंजाइमों का स्रवण
- ✗ B. तंत्रिका आवेगों को संचारित करने की क्षमता
- ✗ C. वसा बिंदुकों का भंडारण
- ✓ D. संकुंचनशील प्रोटीन की उपस्थिति

Q.16 हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की कैल्सियम कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करवाने पर कौन-सी गैस मोचित होती है?

Ans

- ✗ A. ऑक्सीजन
- ✓ B. कार्बन डाइऑक्साइड
- ✗ C. नाइट्रोजन
- ✗ D. हाइड्रोजन

Q.17 किसी पदार्थ को तब अपचयित कहा जाता है जब.......................।

Ans

- ✗ A. यह केवल ऑक्सीजन खोता है
- ✓ B. यह ऑक्सीजन खोता है या हाइड्रोजन प्राप्त करता है
- ✗ C. यह हाइड्रोजन खोता है या ऑक्सीजन प्राप्त करता है
- ✗ D. यह केवल हाइड्रोजन प्राप्त करता है

Q.18 जब किसी वस्तु के विस्थापन की दिशा में 90° पर बल लगाया जाता है, तो किया गया कार्य __________।

Ans

- ✗ A. अधिकतम होता है
- ✗ B. न्यूनतम होता है लेकिन शून्य नहीं होता है
- ✗ C. निर्धारित नहीं किया जा सकता है
- ✓ D. शून्य होता है

Q.19 रुधिर का कौन-सा घटक तरल आव्यूह (fluid matrix) के रूप में कार्य करता है जिसमें कोशिकाओं का निलंबन होता हैं?

Ans

- ✗ A. श्वेत रूधिर कोशिकाएं
- ✗ B. लाल रूधिर कोशिकाएं
- ✓ C. प्लाज्मा
- ✗ D. बिंबाणु

Q.20 एकसमान चाल से गतिमान किसी वस्तु के लिए दूरी-समय ग्राफ कैसा होगा?

Ans
- ✗ A. इसका ग्राफ नहीं बनाया जा सकता।
- ✓ B. ग्राफ एक सीधी रेखा है।
- ✗ C. ग्राफ साइन वेव जैसा दिखता है।
- ✗ D. ग्राफ एक टेढ़ी-मेढ़ी रेखा है।

Q.21 पौधों में, निषेचन के बाद, बीजांड विकसित होकर निम्नलिखित में से क्या बनता है?

Ans
- ✗ A. भ्रूण
- ✗ B. फल
- ✗ C. भ्रूणपोष
- ✓ D. बीज

Q.22 अवतल लेंस के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(i) अवतल लेंस को अपसारी लेंस भी कहा जाता है।
(ii) अवतल लेंस के सामने कहीं भी रखे बिंब का सदैव वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब बनता है।
(iii) अवतल लेंस के सामने कहीं भी रखे बिंब का सदैव आभासी और सीधा प्रतिबिंब बनता है।

Ans
- ✗ A. केवल (iii)
- ✓ B. (i) और (iii) दोनों
- ✗ C. (i) और (ii) दोनों
- ✗ D. केवल (ii)

Q.23 मस्तिष्क का कौन-सा भाग मुख्य रूप से उच्च स्तरीय विचार प्रक्रियाओं और संवेदी जानकारी की जटिल व्याख्या के लिए जिम्मेदार है?

Ans
- ✓ A. अग्रमस्तिष्क
- ✗ B. मेरुदंड
- ✗ C. मस्तिष्क कांड
- ✗ D. अनुमस्तिष्क

Q.24 प्राकृतिक संसाधनों से मछली प्राप्त करने के तरीके को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. कम्पोजिट फिशिंग (Composite fishing)
- ✗ B. फार्मिंग फिशिंग (Farming fishing)
- ✗ C. कल्चर फिशिंग (Culture fishing)
- ✓ D. कैप्चर फिशिंग (Capture fishing)

Q.25 मेथेन के एक अणु में एक कार्बन परमाणु, चार हाइड्रोजन परमाणुओं से आबंधित होता है। मेथेन का रासायनिक सूत्र क्या है?

Ans
- ✗ A. CH_3
- ✓ B. CH_4
- ✗ C. C_4H
- ✗ D. C_2H_4

Section : **Mathematics**

Q.26 किसी जींस का अंकित मूल्य ₹7,750 था, लेकिन दुकानदार ने उस पर 20% और 30% की क्रमिक छूट दी। अंततः उसने वह जींस कितने में बेची?

Ans
- ✗ A. ₹4,224
- ✗ B. ₹4,397
- ✓ C. ₹4,340
- ✗ D. ₹4,356

Q.27 ₹8,400 के मूलधन पर 15% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर (वार्षिक रूप से संयोजित होने पर) से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹10,837
- ✗ B. ₹11,668
- ✗ C. ₹11,339
- ✓ D. ₹11,109

Q.28 नीलू 6 h पैदल चलकर एक निश्चित दूरी तय करती है। लौटते समय, उसकी चाल 2 km/h कम हो जाती है और उसे समान दूरी तय करने में 9 h लगते हैं। लौटते समय उसकी चाल कितनी थी?

Ans
- ✗ A. $2\ \mathrm{km/h}$
- ✓ B. $4\ \mathrm{km/h}$
- ✗ C. $7\ \mathrm{km/h}$
- ✗ D. $5\ \mathrm{km/h}$

Q.29 एक वस्तु का GST सहित विक्रय मूल्य 1,680 है। GST की दर 20% है। यदि दुकानदार को 12% का लाभ हुआ, तो वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 1,280
- ✗ B. 1,205
- ✓ C. 1,250
- ✗ D. 1,520

Q.30 ₹12,986 को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके हिस्से से क्रमशः ₹33, ₹70 और ₹19 काट लिए जाएँ, तो उनके पास 14:8:2 के अनुपात में धनराशि बचती है। B और C के मूल हिस्सों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. ₹3,267
- ✗ B. ₹3,166
- ✗ C. ₹3,116
- ✗ D. ₹3,366

Q.31 21 m त्रिज्या वाले वृत्त के उस लघु त्रिज्यखंड का परिमाप ज्ञात कीजिए जो केंद्र पर 45° का कोण बनाता है। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

Ans
- ✗ A. 50.5 m
- ✗ B. 52.5 m
- ✗ C. 56.5 m
- ✓ D. 58.5 m

Q.32 एक पाइप एक टैंक को 9 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 12 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक का आधा हिस्सा भरने में कितने मिनट लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 37
- ✓ B. 18
- ✗ C. 19
- ✗ D. 36

Q.33 $\left(x-\frac{1}{x}\right)\left(x+\frac{1}{x}\right)\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)\left(x^4+\frac{1}{x^4}\right)$ सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\left(x^8+\frac{1}{x^8}\right)$

✗ B. $\left(x^7-\frac{1}{x^7}\right)$

✓ C. $\left(x^8-\frac{1}{x^8}\right)$

✗ D. $\left(x^7+\frac{1}{x^7}\right)$

Q.34 एक टोकरी में 96 फल हैं जिसमें आम और संतरे हैं। यदि संतरों की तुलना में आम की संख्या 42 अधिक है, तो कुल कितने आम हैं?

Ans

✗ A. 59

✗ B. 79

✓ C. 69

✗ D. 49

Q.35 एक व्यक्ति ₹40,000 प्रति माह अर्जित करता है। वह अपनी आय का 25% किराए पर, 15% खाद्य पर और 10% परिवहन पर व्यय करता है तथा शेष राशि की बचत करता है। वह प्रत्येक माह कितनी राशि की बचत करता है?

Ans

✓ A. ₹20,000

✗ B. ₹12,000

✗ C. ₹10,000

✗ D. ₹24,000

Q.36 यदि ₹2,443 को 363 बच्चों में इस प्रकार विभाजित किया जाए कि प्रत्येक लड़की और प्रत्येक लड़के को क्रमशः ₹6 और ₹7 प्राप्त हों, तो लड़कों की कुल संख्या कितनी है?

Ans

✓ A. 265

✗ B. 325

✗ C. 225

✗ D. 285

Q.37 प्रेक्षणों 67, 76, 97, 34, 38, 63, 95, 95 और 74 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 71

✗ B. 63

✗ C. 68

✗ D. 62

Q.38 2019 में अमित की आय ₹22,200 थी। उसके वेतन में प्रत्येक वर्ष 10% की वृद्धि होती है। 2021 में उसकी आय (₹ में) कितनी थी?

Ans

✓ A. 26,862

✗ B. 24,420

✗ C. 26,640

✗ D. 22,200

Q.39 1200 सैनिकों की एक टुकड़ी के पास 13 दिनों के लिए राशन है। यदि टुकड़ी में 360 सैनिक और बढ़ा दिए जाएँ, तो राशन कितने समय (दिन में) तक चलेगा?

Ans
- ✔ A. 10
- ✘ B. 5
- ✘ C. 20
- ✘ D. 30

Q.40 एक टोंटी और एक वॉश बेसिन की कीमत क्रमशः ₹860 और ₹2900 है। यदि टोंटी और वॉश बेसिन की कीमत में क्रमशः 5% और 10% की वृद्धि की जाए, तो 6 टोंटी और 6 वॉश बेसिन की कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹22,560
- ✘ B. ₹36,500
- ✘ C. ₹20,550
- ✔ D. ₹24,558

Q.41 एक व्यक्ति 17 km/h की चाल से एक निश्चित दूरी को 8 मिनट में तय करता है। यदि वह उसी दूरी को 5 मिनट में तय करना चाहता है, तो उसकी चाल कितनी होनी चाहिए?

Ans
- ✘ A. 28.2 km/h
- ✔ B. 27.2 km/h
- ✘ C. 26.2 km/h
- ✘ D. 29.2 km/h

Q.42 प्रथम 10 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 10.5
- ✘ B. 9.5
- ✘ C. 11
- ✔ D. 10

Q.43 एक ठोस बेलन का आयतन 6776 cm^3 है और उसकी ऊंचाई 44 cm है। ठोस बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✘ A. 2221 cm2
- ✘ B. 2273 cm2
- ✘ C. 2227 cm2
- ✔ D. 2244 cm2

Q.44 यदि sin θ = 3/5 है, तो cos θ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 3/5
- ✘ B. 5/4
- ✘ C. $\frac{\sqrt{3}}{2}$
- ✔ D. 4/5

Q.45 दो संख्याओं 216 और 120 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM)1080 है। इन संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 36
- ✘ B. 48
- ✔ C. 24
- ✘ D. 32

Q.46 एक समबाहु त्रिभुज ABC में, बिंदु D भुजा BC पर इस प्रकार स्थित है कि 3BD = BC है। निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध सही है?

Ans

✗ A. 3AD2=4AB2

✗ B. 7AD2=9AB2

✓ C. 9AD2=7AB2

✗ D. 4AD2=3AB2

Q.47 अनिल की वर्तमान आयु का चार गुना, भाव्या की वर्तमान आयु के पांच गुने के बराबर है। छह वर्ष बाद भाव्या की आयु, अनिल की वर्तमान आयु के दोगुने से छह वर्ष कम होगी। उनकी वर्तमान आयु में अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 2

✗ B. 3

✗ C. 4

✗ D. 5

Q.48 एक दुकानदार निम्नलिखित चार स्कीमें प्रदान करता है:
A) 19% और 19% की दो क्रमिक छूट
B) 2 खरीदें, 10 पाएं
C) 11% की छूट
D) 25% और 17% की दो क्रमिक छूट

ग्राहकों के लिए कौन-सी स्कीम सर्वोत्तम है?

Ans

✓ A. B

✗ B. A

✗ C. C

✗ D. D

Q.49 यदि $(4^2)^a \times (16^2)^{2a} \times (3^4)^b \times (9^2)^{2b} = 2^{20} \times (9^2)^6$ है, तो क्रमशः a और b के मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 3, 2

✗ B. 2, 1

✗ C. 2, 3

✓ D. 1, 2

Q.50 किसी टंकी के तल में एक छिद्र है। एक पाइप टंकी को 6 घंटे में भर सकता है, लेकिन छिद्र के कारण टंकी को भरने में 8 घंटे लगते हैं। इस छिद्र से पूरी टंकी खाली होने में कितना समय लगेगा?

Ans

✓ A. 24 घंटे

✗ B. 36 घंटे

✗ C. 18 घंटे

✗ D. 30 घंटे

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार से निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर ही की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ने तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 14, 35)
(4,13, 33)

Ans

✓ A. (10, 19, 45)

✗ B. (16, 7, 21)

✗ C. (7, 16, 40)

✗ D. (8, 17, 27)

Q.52 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं) (गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है)
(बाएँ) 3 7 9 8 5 3 6 2 2 1 5 3 7 1 5 7 5 7 1 8 4 3 6 9 7 4 4 (दाएँ)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. तीन से अधिक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.53 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

AZ81 BC64 DG49 GL36 ?

Ans
- ✗ A. JT25
- ✗ B. JS25
- ✗ C. KR16
- ✓ D. KR25

Q.54 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकों की संख्या पर आधारित है।
(बाएं) 629 125 534 756 438 (दाएं)
(उदाहरण - 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।
यदि सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक की भी नहीं
- ✗ D. दो

Q.55 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि ‘A, B की बहन है’,
A – B का अर्थ है कि ‘A, B का पिता है’,
A × B का अर्थ है कि ‘A, B का भाई है’ और
A ÷ B का अर्थ है कि ‘A, B की माता है’।

यदि ‘N ÷ O × P – Q + S’ है, तो N का S से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. बहन
- ✗ B. माता की बहन
- ✗ C. पिता की बहन
- ✓ D. पिता की माता

Q.56 वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✓ A. EIM
- ✗ B. MRV
- ✗ C. TYC
- ✗ D. WBF

Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से JITD का संबंध EEQB से है। इसी प्रकार, QHSB का संबंध LDPZ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए TNYT का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. PKVS
- ✓ B. OJVR
- ✗ C. OKUR
- ✗ D. PJUS

Q.58 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)।
(बाएं) 8 6 5 6 7 2 5 9 8 6 3 2 3 3 4 4 4 6 1 4 4 1 4 5 2 6 6 (दाएं)
ऐसे कितनी सम संख्याएं (बाएं से दाएं) हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या तथा ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 5
- ✗ C. 3
- ✓ D. 4

Q.59 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. BN - GS
- ✗ B. VR - ZV
- ✗ C. DW - HA
- ✗ D. TG - XK

Q.60 यदि 'I' का अर्थ '+' है, 'J' का अर्थ '×' है, 'K' का अर्थ '÷' है और 'L' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

59 J 4 K 2 I 150 J 2 L 102 K 2 L 15 K 5 L 10 = ?

Ans
- ✓ A. 354
- ✗ B. 376
- ✗ C. 312
- ✗ D. 298

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TEAR' को '5731' के रूप में और 'POST' को '2148' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 2
- ✓ C. 1
- ✗ D. 8

Q.62 यदि संख्या 5431786 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच का अंतर क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 10
- ✗ B. 8
- ✗ C. 14
- ✓ D. 6

Q.63 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

42 × 7 ÷ 8 − 16 + 9 = ?

Ans
- ✗ A. 50
- ✗ B. 52
- ✗ C. 60
- ✓ D. 55

Q.64 आनंद बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 43 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 40 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 45 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 51 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. पश्चिम में 13 km
- ✓ B. पूर्व में 11 km
- ✗ C. पश्चिम में 12 km
- ✗ D. पूर्व में 10 km

Q.65 दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
30 36 47 63 84 ?

Ans
- ✗ A. 111
- ✗ B. 109
- ✓ C. 110
- ✗ D. 112

Q.66 LMUG एक निश्चित तरीके से RHYD से संबंधित है। उसी प्रकार, JNSF, PIWC से संबंधित है। इसी तर्क के अनुसार, HIVT निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. MEZR
- ✗ B. NEYR
- ✓ C. NDZQ
- ✗ D. MDYQ

Q.67 छह व्यक्ति G, H, I, Q, R और S एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S के दाईं ओर केवल Q बैठा है। Q और I के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G, R के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। R और S के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक
- ✗ C. दो
- ✓ D. तीन

Q.68 एक निश्चित कूट भाषा में, 'YARN' को '5731' के रूप में और 'ROSE' को '2148' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 2
- ✗ C. 4
- ✗ D. 3

Q.69 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
153 164 177 192 209 ?

Ans
- ✗ A. 230
- ✓ B. 228
- ✗ C. 226
- ✗ D. 227

Q.70 एक कक्षा के सभी 36 विद्यार्थी उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। प्रिया बाएं छोर से 9वें स्थान पर है जबकि नीरज दाएं छोर से 27वें स्थान पर है। प्रिया और नीरज के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 1
- ✓ C. 0
- ✗ D. 2

Q.71 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पेंसिल, रबड़ हैं।
सभी पेंसिल, रूलर हैं।
सभी रूलर, बॉक्स हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी पेंसिल, बॉक्स हैं।
(II) कुछ रूलर, रबड़ हैं।

Ans
- ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.72 दी गई श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 6 6 8 6 7 4 5 9 9 1 7 6 8 1 4 5 4 7 1 4 1 1 4 3 5 4 3 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या आती है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 0
- ✗ C. 3
- ✓ D. 1

Q.73 सात व्यक्ति S, Q, U, A, R, E और D एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। U और R के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R और S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E, A के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D, R का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Q के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. एक
- ✗ C. चार
- ✗ D. दो

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से ANTY का संबंध CKOZ से है। इसी प्रकार, UIQL का संबंध WFLM से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DSNB का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✓ A. FPIC
- ✗ B. HPKD
- ✗ C. GPKC
- ✗ D. EPLD

Q.75 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ चमगादड़, जाल हैं।
सभी शावक, जाल हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चमगादड़, शावक हैं।
(II) सभी जाल, शावक हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.76 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

158 169 191 224 268 ?

Ans
- ✗ A. 332
- ✗ B. 321
- ✓ C. 323
- ✗ D. 312

Q.77 रमन अपनी कक्षा में ऊपर से 10वें और नीचे से 5वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✓ A. 14
- ✗ B. 11
- ✗ C. 12
- ✗ D. 10

Q.78 A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, A के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। E, A के बाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। F और G का निकटतम पड़ोसी C है। D, F के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है।
E के बाएं से गिनने पर, E और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. एक भी नहीं
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.79 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
FVO 18, DTM 29, BRK 40, ZPI 51, ?

Ans
- ✗ A. WNH 61
- ✗ B. YNF 65
- ✓ C. XNG 62
- ✗ D. XNF 62

Q.80 रवि अपने ऑफिस से उत्तर की ओर 20 km चला। फिर वह दाएं मुड़ा और 5 km चला। वह फिर से दाएं मुड़ा और 10 km चला, और फिर दाएं मुड़ा, 5 km चला, और पॉइंट A पर रुक गया। रवि अपनी शुरुआती जगह से कितनी दूर है?

(ध्यान दें: सभी मोड़ सिर्फ़ 90° के हैं, जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✓ A. 10 km
- ✗ B. 15 km
- ✗ C. 5 km
- ✗ D. 20 km

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 अप्रैल 2025 में, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने PaRRVA के लिए परिचालन ढांचा जारी किया। PaRRVA का क्या उद्देश्य है?

Ans
- ✗ A. म्यूचुअल फंड लाइसेंसों को मंजूरी देना
- ✓ B. निवेश निष्पादन दावों का सत्यापन करना
- ✗ C. सूचीबद्ध फर्मों का कर लेखापरीक्षण करना
- ✗ D. व्यापारिक विवादों का निपटारा करना

Q.82 जुलाई 2025 में, किस पैनल ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा जारी 'ESZ की घोषणा के लिए दिशानिर्देश, 2011' में संशोधन का सुझाव दिया है?

Ans
- ✗ A. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की स्थायी समिति
- ✗ B. ग्रामीण विकास मंत्रालय की स्थायी समिति
- ✓ C. राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति
- ✗ D. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्थायी समिति

Q.83 26 जनवरी 2025 को मनाए गए भारत के 76वें गणतंत्र दिवस की थीम क्या थी?

Ans
- ✗ A. आत्मनिर्भर भारत: उड़ान नई सोच की (Atmanirbhar Bharat: Udaan Nayi Soch Ki)
- ✓ B. स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास (Swarnim Bharat: Virasat aur Vikas)
- ✗ C. डिजिटल इंडिया: पावर टु एम्पावर (Digital India: Power to Empower)
- ✗ D. एक भारत श्रेष्ठ भारत (Ek Bharat Shreshtha Bharat)

Q.84 अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा देश 2027 में प्रथम ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स (Olympic Esports Games) की मेजबानी करेगा?

Ans
- ✓ A. सऊदी अरब
- ✗ B. चीन
- ✗ C. फ्रांस
- ✗ D. कतर

Q.85 6 से 13 जनवरी तक 2024 की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप किस शहर में आयोजित की गई?

Ans
- ✓ A. बरेली
- ✗ B. पटना
- ✗ C. गुवाहाटी
- ✗ D. जयपुर

Q.86 मोंटेनेग्रो के पेट्रोवाक में आयोजित एटॉमिक शतरंज चैंपियनशिप (Atomic Chess Championship) के ओपन सेक्शन के 2025 विश्व जूनियर चैंपियन कौन है?

Ans
- ✗ A. मैटिक लैवरेंसिक (Matic Lavrencic)
- ✗ B. जी. एम. अमर एल्हम (GM Amar Elham)
- ✗ C. पेंटाला हरिकृष्णा (Pentala Harikrishan)
- ✓ D. प्रणव वेंकटेश (Pranav Venkatesh)

Q.87 गुजरात टाइटन्स के लिए IPL 2025 ऑरेंज कैप जीतने हेतु 759 रन किसने बनाए?

Ans
- ✗ A. रजत पाटीदार
- ✓ B. साईं सुदर्शन
- ✗ C. विराट कोहली
- ✗ D. सूर्यकुमार यादव

Q.88 जुलाई 2025 में इंडियन बैंक और पंजाब नेशनल बैंक द्वारा न्यूनतम बैलेंस पर लगने वाले पेनाल्टी को हटाने से किस समूह के लोगों को सर्वाधिक लाभ होने की उम्मीद है?

Ans
- ✗ A. शहरी व्यावसायिक अधिकारी और कॉर्पोरेट पेशेवर
- ✗ B. उच्च आय वाले निवेशक और धनी व्यक्ति
- ✗ C. कॉलेज के छात्र और मासिक वेतनभोगी कर्मचारी
- ✓ D. ग्रामीण नागरिक और निम्न-आय वाले खाताधारक

Q.89 2025 में विवादित समुद्री क्षेत्र में किस अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त नौसैनिक अभ्यास ने चिंता बढ़ा दी है?

Ans
- ✗ A. मलक्का जलडमरूमध्य के निकट भारत और ऑस्ट्रेलिया का मालाबार अभ्यास
- ✓ B. दक्षिण चीन सागर में भारत-फिलीपींस नौसैनिक अभ्यास
- ✗ C. बंगाल की खाड़ी में अजेय वारियर अभ्यास
- ✗ D. हिंद महासागर में रूस के साथ आयरन फिस्ट अभ्यास

Q.90 वर्ष 2025 में, किस मंत्रालय ने पारदर्शी और वास्तविक समय व्यापार डेटा प्रदान करने के लिए व्यापार आसूचना और विश्लेषण पोर्टल का शुभारंभ किया?

Ans
- ✗ A. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
- ✗ B. वित्त मंत्रालय
- ✗ C. विदेश मंत्रालय
- ✓ D. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

Q.91 इथियोपिया में स्थित निम्नलिखित में से कौन-सा ज्वालामुखी, नवंबर 2025 में इतिहास में पहली बार उद्गार होने के कारण खबरों में था?

Ans
- ✗ A. किलाउआ (Kilauea)
- ✓ B. हायली गुब्बी (Hayli Gubbi)
- ✗ C. क्राशेनिनिकोव (Krasheninnikov)
- ✗ D. माउंट सेमेरू (Mount Semeru)

Q.92 2025 मास्टर्स टूर्नामेंट जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले इतिहास के छठे पुरुष गोल्फ खिलाड़ी कौन बने?

Ans
- ✗ A. फिल मिकल्सन (Phil Mickelson)
- ✓ B. रोरी मैक्लरॉय (Rory McIlroy)
- ✗ C. जॉर्डन स्पीथ (Jordan Spieth)
- ✗ D. टाइगर वुड्स (Tiger Woods)

Q.93 भारत और श्रीलंका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति-2025' का 11$^{वां}$ संस्करण निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ A. कोच्चि
- ✗ B. चेन्नई
- ✓ C. बेलगावी
- ✗ D. जोधपुर

Q.94 दिसंबर 2025 में, राष्ट्रपति द्वारा न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय को सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत नियुक्त किया गया था?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 226
- ✓ B. अनुच्छेद 223
- ✗ C. अनुच्छेद 124
- ✗ D. अनुच्छेद 217

Q.95 निम्नलिखित में से कौन सा दिल्ली-एनसीआर में पहला एकीकृत एकाधिक-राज्य मॉक ड्रिल था, जो 1 अगस्त 2025 से 55 स्थानों पर बड़े पैमाने पर भूकंप का अनुकरण करते हुए आयोजित किया गया था?

Ans

- ✗ A. एक्सरसाइज सूर्य किरण (Exercise Surya Kiran)
- ✗ B. एक्सरसाइज ट्राइस्टेट शक्ति (Exercise Tristate Shakti)
- ✓ C. एक्सरसाइज सुरक्षा चक्र (Exercise Suraksha Chakra)
- ✗ D. एक्सरसाइज सहायता सेतु (Exercise Sahayata Setu)

Q.96 2025 में माइक्रोप्रोसेसर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत C-DAC द्वारा विकसित किया गया पहला पूर्णतः स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर कौन-सा है?

Ans

- ✗ A. PRATYUSH55
- ✓ B. DHRUV64
- ✗ C. SHAKTI101
- ✗ D. PARAM32

Q.97 निम्नलिखित में से कौन-सा देश, जुलाई 2025 में आयोजित उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच (HLPF) में अपनी स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा (VNR) प्रस्तुत करने वाले 37 देशों में शामिल था?

Ans

- ✗ A. नेपाल
- ✓ B. भारत
- ✗ C. श्रीलंका
- ✗ D. चीन

Q.98 भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा मई 2025 में अधिसूचित नए 'नो योर कस्टमर (KYC)' संबंधी छूट के अनुसार, कम जोखिम वाले ग्राहकों को _______ तक बिना KYC के लेनदेन जारी रखने की अनुमति है।

Ans

- ✓ A. 30 जून 2026
- ✗ B. 31 मार्च 2026
- ✗ C. 30 जून 2025
- ✗ D. 31 दिसंबर 2025

Q.99 यूएस (US) बिजनेस इंटेलिजेंस रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2025 में सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता कौन था?

Ans

- ✓ A. नरेंद्र मोदी
- ✗ B. राहुल गांधी
- ✗ C. निर्मला सीतारमण
- ✗ D. अमित शाह

Q.100 सितंबर 2025 में, TDK कॉर्पोरेशन ने किस भारतीय राज्य में अपने एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज लिथियम-आयन बैटरी निर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया?

Ans

- ✓ A. हरियाणा
- ✗ B. राजस्थान
- ✗ C. उत्तराखंड
- ✗ D. केरल

"